# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## निविदा सूचना संख्या– पी॰आर॰ 44/2024

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित कोचिंग योजना के तहत छात्रावास में आवासित लगभग 400 (100 x 4 = 400) विद्यार्थियों के लिए भोजन व्यवस्था हेतु निविदा

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के निमित्त निःशुल्क कोचिंग (अनुशिक्षण) योजना का संचालन वर्तमान में बांकीपुर गर्ल्स हाई स्कूल एवं पटना कॉलेजिएट हाई स्कूल, पटना में किया जा रहा है। इन दोनों विद्यालयों के छात्रावास में वर्तमान में 95 छात्रा एवं 115 छात्र आवासित हैं, लेकिन इस संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है। कोचिंग योजना के अगले शैक्षणिक सत्र हेतु आगामी मार्च/अप्रैल, 2024 से लगभग 100 छात्र एवं 100 छात्राओं के लिए पटना शहरी क्षेत्र में अलग–अलग छात्रावास की व्यवस्था बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा की जाएगी, इस संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है।

2. इस प्रकार, उपरोक्त चारों अलग–अलग स्थान पर आवासित लगभग 400 (100 x 4= 400) विद्यार्थियों के भोजन व्यवस्था के लिए इच्छुक मेस संचालकों, निबंधित प्रतिष्ठानों, ट्रस्ट/सोसाईटी/कम्पनी से डाक/कूरियर/स्पीड पोस्ट अथवा हाथों–हाथ **सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (मुख्य भवन), सिन्हा लाइब्रेरी रोड, पटना–800017** के पते पर बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है।

3. निविदा प्रपत्र समिति की **website: https://biharboardonline.bihar.gov.in/** से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा समिति के मुख्य भवन स्थित भंडार शाखा (माध्यमिक), सिन्हा लाईब्रेरी रोड, पटना से कार्यालय कार्यावधि में हाथों–हाथ प्राप्त किया जा सकता है।

4. उक्त निविदा हेतु Pre-Bid बैठक **दिनांक 06.02.2024 को अपराह्ण 12:30 बजे** निर्धारित है।

5. निविदा प्राप्ति की <u>अंतिम तिथि</u> **दिनांक 21.02.2024 को 04:00 बजे अपराह्ण तक** है। निर्धारित तिथि एवं अवधि के बाद प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। डाक में या किसी अन्य कारण से हुए विलम्ब की जिम्मेवारी निविदादाता की होगी।

6. निविदादाता तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे में देते हुए उसे एक बड़े लिफाफे में सीलबन्द कर समिति को समर्पित करेंगे। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा के लिफाफे पर क्रमशः **''तकनीकी निविदा''** एवं **''वित्तीय निविदा''** का स्पष्ट रूप से अंकन करते हुए बड़े लिफाफे पर **''छात्रावास हेतु भोजन व्यवस्था की निविदा''** का अंकन अनिवार्य रूप से करेंगे।

7. निविदादाता द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय तक निविदा, समिति कार्यालय के मुख्य भवन में अपर सचिव, भंडार (माध्यमिक) के कार्यालय कक्ष में हाथों–हाथ अथवा निबंधित डाक/कूरियर/स्पीड पोस्ट द्वारा जमा किया जा सकता है।

8. निविदा प्रपत्र के साथ ₹ 50,000/– (पचास हजार) रूपये की अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट, सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के पदनाम से, जो पटना में भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रक्रिया के पूर्ण होने पर उक्त राशि का प्रत्यर्पण किया जाएगा।

9. सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को बिना कारण बताये निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**सचिव**

Scanned with CamScanner